श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
( केन्द्रीय विश्वविद्यालय )
बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

**दिनांक ०४.१०.२०२१ को पूर्वाह्ण ११:३० बजे ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से आयोजित विद्यापरिषद् की चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्त।**

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) नई दिल्ली की विद्या परिषद् की चतुर्थ बैठक दिनांक 04.10.2021 को पूर्वाह्ण 11:30 बजे कुलपति महोदय की अध्यक्षता में वाचस्पति सभागार में सम्पन्न हुई। कोविड-19 महामारी के कारण इस बैठक का आयोजन द्विप्रकारक (ऑफलाइन/ऑनलाइन) उपस्थिति के माध्यम से किया गया। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय | अध्यक्ष | (ऑफलाइन) |
| 2 | प्रो. रमाकान्त पाण्डेय | बाह्य सदस्य | (ऑनलाइन) |
| 3. | प्रो. रामनाथ झा | बाह्य सदस्य | (ऑफलाइन) |
| 4. | प्रो. केदार प्रसाद परोहा | सदस्य | (ऑफलाइन) |
| 5. | प्रो. सदन सिंह | सदस्य | (ऑफलाइन) |
| 6. | प्रो. सविता | सदस्या | (ऑनलाइन) |
| 7. | प्रो. महेश प्रसाद सिलोडी | सदस्य | (ऑफलाइन) |
| 8. | प्रो. सुदीप कुमार जैन | सदस्य | (ऑनलाइन) |
| 9. | डॉ. एस.सुदर्शन | सदस्य | (ऑफलाइन) |
| 10. | प्रो. मारकण्डेनाथ तिवारी | सदस्य | (ऑनलाइन) |
| 11. | प्रो. सुधांशुभूषण पण्डा | सदस्य | (ऑनलाइन) |
| 12. | प्रो. रामानुज उपाध्याय | सदस्य | (ऑनलाइन) |
| 13. | प्रो. नीलम ठगेला | सदस्या | (ऑफलाइन) |
| 14. | प्रो. शिवशंकर मिश्र | सदस्य | (ऑफलाइन) |
| 15. | प्रो. मीनू कश्यप | सदस्या | (ऑफलाइन) |
| 16. | प्रो. कल्पना जैन | सदस्या | (ऑफलाइन) |
| 17. | प्रो. कुलदीप कुमार | सदस्य | (ऑफलाइन) |
| 18. | प्रो. प्रभाकर प्रसाद | सदस्य | (ऑनलाइन) |
| 19. | प्रो. धर्मानन्द राउत | सदस्य | (ऑफलाइन) |
| 20. | प्रो. के. अनन्ता | सदस्य | (ऑफलाइन) |
| 21. | डॉ. आदेश कुमार | सदस्य | (ऑनलाइन) |
| 22. | डॉ. मनोज कुमार मीणा | सदस्य | (ऑफलाइन) |
| 23 | प्रो. राम राज उपाध्याय | सदस्य | (ऑनलाइन) |
| 24. | प्रो. महानन्द झा | सदस्य | (ऑनलाइन) |



सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

| | | |
|---|---|---|
| 25. प्रो. पीयूष कान्त दीक्षित | सदस्य | (ऑनलाइन) |
| 26. प्रो. रमेश प्रसाद पाठक | सदस्य | (ऑनलाइन) |
| 27. प्रो. वीर सागर जैन | सदस्य | (ऑनलाइन) |
| 28. प्रो. सुजाता त्रिपाठी | सदस्य | (ऑफलाइन) |
| 29. प्रो. ए.एस. आरावमुदन | सदस्य | (ऑनलाइन) |
| 30. डॉ. अशोक थपलियाल | सदस्य | (ऑनलाइन) |
| 31. डॉ. फणीन्द्र चौधरी | सदस्य | (ऑनलाइन) |
| 32. डॉ. एन.पी. सिंह | विशेष आमंत्रित सदस्य | (ऑनलाइन) |
| 33. डॉ. अलका राय | सचिव | (ऑनलाइन) |

प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी, प्रो. जयकान्त सिंह शर्मा, प्रो. भागीरथि नन्द एवं प्रो. शीतला प्रसाद शुक्ल किसी कारणवश विद्यापरिषद् की बैठक में सम्मलित नहीं हो सके।

प्रो. ए.एस. आरावमुदन जी के वैदिक मङ्गलाचरण से विद्यापरिषद् की बैठक का शुभारम्भ हुआ। माननीय कुलपति महोदय द्वारा विद्या परिषद् के सदस्यों का बैठक में उपस्थित होने पर अभिनन्दन किया गया तथा अवगत करवाया गया कि कोविड-19 महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण छात्रहित को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा समस्त शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों का संचालन ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से सुचारु रूप से पूर्ण किया गया तथा सभी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रों की सत्रीय परीक्षाएँ सम्पन्न कराने एवं नए छात्रों के प्रवेश हेतु समयबद्ध तरीके से किये गये कार्यों को पूर्ण करने के लिए विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक वर्ग एवं गैर-शैक्षणिक वर्ग के सदस्यों की सराहना की। कुलपति महोदय की स्वीकृति के उपरान्त कुलसचिव द्वारा विद्यापरिषद् की चतुर्थ बैठक के लिए कार्यसूची को प्रस्तुत किया गया।

**<u>संकल्प संख्या ४.१</u>: विद्या परिषद् की दिनांक २० अप्रैल, 2021 को सम्पन्न तृतीय बैठक में लिये गये निर्णयों की पुष्टि।**

विद्या परिषद् द्वारा दिनांक 20 अप्रैल, 2021 को सम्पन्न हुई तृतीय बैठक में लिये गये निर्णयों की पुष्टि की की गई।

**<u>संकल्प संख्या ४.२</u>: विद्या परिषद् की दिनांक २० अप्रैल, 2021 को सम्पन्न हुई तृतीय बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के प्रतिवेदन की पुष्टि।**

दिनांक 20.04.2021 को सम्पन्न हुई तृतीय बैठक में लिये गये निर्णयों पर क्रियान्वयन के विषय पर प्रस्तुत कृत कार्यवाही की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई । विद्या परिषद् की दिनांक 20.4.2021 को आयोजित तृतीय बैठक में संकल्प संख्या 3.21 तथा 3.24 में लिए गए निर्णयानुसार शैक्षणिक सत्र 2021-22 में एम.ए. हिन्दू अध्ययन तथा एम.ए. हिन्दी साहित्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ की जा चुकी है। तथा एम.ए. हिन्दू अध्ययन पाठ्यक्रम से सम्बन्धित पाठ्यक्रम स्वीकृतिनुसार लागू किया जा चुका है।

विद्या परिषद् द्वारा यह निर्णय भी लिया गया कि जिन विषयों पर कृत कार्यवाही अभी तक अपेक्षित है, सम्बन्धित विभाग/समिति सम्बन्धित विषयों पर यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न कर कृत कार्यवाही की रिपोर्ट स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करें ।

सत्यापित
VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

संकल्प संख्या ४.३: शोध उपाधि समिति द्वारा संस्तुत माह अप्रैल २०२१ से सितम्बर, २०२१ तक विद्यावारिधि (पीएच.डी) छात्रों की सूची विद्या परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।

शोध उपाधि समिति द्वारा संस्तुत (18) शोध छात्रों को जारी अस्थायी प्रमाण-पत्र की सूची विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई ।

संकल्प संख्या ४.४: राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० में प्रदत्त प्रावधानों के अनुसार स्नातक स्तर की उपाधि (चार वर्ष की अवधि) शास्त्री प्रथम वर्ष एवं बी.ए. योग (प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर) का विभागीय अध्ययन मण्डल द्वारा अनुशंसित पाठ्यक्रम विमर्श एवं पुष्टि हेतु प्रस्तुत।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रदत्त उद्देश्यों के परिप्रेक्ष्य में अन्त: शास्त्रीय अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभागीय अध्ययन मण्डल के माध्यम से प्रथम चरण में चार वर्षीय शास्त्री / बी.ए. योग पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष (प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर) में तैयार एवं संस्तुत को शैक्षणिक सत्र 2021-22 से लागू करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

संकल्प संख्या ४.५: शिक्षण अधिगम केन्द्र द्वारा पंचम चरण में आयोजित कार्यक्रमों का विवरण विद्या परिषद् के सूचनार्थ प्रस्तुत।

विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्यापीठ के अन्तर्गत स्थापित शिक्षण अधिगम केन्द्र की निदेशिका द्वारा प्रदत्त रिपोर्ट के अनुसार अधिगम केन्द्र द्वारा दिनांक 19 मई, 2021 से 13 अगस्त, 2021 तक विभिन्न विषयों पर 06 कार्यक्रम आयोजित किये गये । शिक्षण अधिगम केन्द्र द्वारा उपर्युक्त अवधि में आयोजित किये गये कार्यक्रमों की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई ।

संकल्प संख्या ४.६: सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रेषित अर्ध शासकीय पत्र संख्या एफ.१-१/२०२१ (सचिव) दिनांक १६.७.२०२१ के अनुसार प्रेषित दिशानिर्देशों को (UGC Guidelines on Examination and Academic Calendar in View of the COVID-19 Pandemic-July 2021) विश्वविद्यालय में लागू करने की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रेषित अर्ध शास्कीय पत्र संख्या एफ. D.O. No. F1-1/2021 (secy) dt. 16.7.2021 के अनुसार प्रेषित दिशानिर्देशों पर गहन विचार-विमर्श करने के उपरान्त विद्या परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि (UGC Guidelines on Examinations and Academic Calendar for the Universities in View of COVID -19 Pandemic and Subsequent Lockdown) में प्रदत्त प्रावधानों को संज्ञान में लेते हुए शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए निर्धारित शैक्षणिक कैलेण्डर को लागू करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

| Activity | Date Suggested by UGC | Date Proposed by University (as per 6 day week pattern) |
|---|---|---|
| Admission Process for the Academic Session 2021-22 for Undergraduate and Post graduate courses (in view of point no. 1 of Academic Calendar) | To Commence only after the declaration of results by the C.B.S.E. and I.C.S.E including the State Boards | For Fresh admission (First Year/ First Semester 2021-22)<br>* Last date for receipt of application form through online mode has been extended upto 15/8/2021 for |



सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

| | | | |
|---|---|---|---|
| | It is expected that School Boards will declare the results of the class/grade-XII examinations by 31.07.2021 | Fresh batch (First Semester/Year).<br><br>* Processing of application form from 16/8/2021 to 20/8/2021.<br><br>*Schedule of Counselling through admission committees through online mode from 25/8 2021 to 31/8/2021<br><br>*Submission of admission fees through online mode by the selected candidates from 1/9/2021 to 10/9/2021.<br><br>*Submission of admission fees with late fees upto 15/9/2021. | |
| Completion of Admission Process for Undergraduate and Postgraduate Programmes in online/offline/blended mode | 30.09.2021 | • Compeletion of all admission process 30.09.2021. | |
| Commencement of Classes for intermediate semester/year students in online/offline/blended mode | As early as possible | Commencement of Academic Session 2021-22 From 30.8.2021 (As decided by the Academic Council held on 6.11.2020 vide Resolution No.2.3) for UG 3 & 5 semester and PG 3 semester<br><br>*Submission of admission fees through online mode from 1/9/2021 to 10/9/2021.<br><br>*Submission of admission fees with late fees upto 15/9/2021. | |
| Commencement of Classes of Undergraduate and Postgraduate students' Fresh batch (First Semester/Year) | *Latest by 01.10.2021 | 25.09.2021 for Fresh batch (2021-22) (First Semester/Year) for UG & PG courses | |
| | **To be planned by the Higher Education Institutions | **For 3rd & 5th Semester (UG & PG)** | **For Fresh Batch First Semester/Year) for UG & PG** |
| Preparatory Break | | 27th to 31st Dec, 2021 | 27th to 31st Jan, 2022 |
| Conduct of Examinations | | **3/1/22 to 24/1/2022** | **1/2/22 to 11/2/2022** |
| Semester Break | | **25/1/22 to 31/1/2022** | **14/2/22 to 18/2/2022** |
| Commencement of Classes for Even Semester | | 1/2/2022 to 11/6/2022 | 22/2/2022 to 11/6/2022 |
| Preparatory Break | | 13/6/22 to 15/6/22 | 13/6/22 to 15/6/22 |
| Conduct of Examinations | | **16/6/22 to 8/7/2022** | 16/6/22 to 8/7/2022 |
| Semester Break begins | | 9/7/2022 | 9/7/2022 |
| Semester Break ends | 31.07.2022 | 31.7.2022 | |
| Commencement of Next Academic Session for this batch | 01.08.2022 | 1.8.2022 (2022-23) | |

विद्या परिषद् द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि शिक्षा मंत्रालय / विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों को विश्वविद्यालय द्वारा यथावत् लागू किया जाएगा।

**संकल्प संख्या ४.७: शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य एवं विद्यावारिधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक १४.०८.२०२१ को आयोजित लिखित प्रवेश परीक्षा विद्यापरिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत ।**

शैक्षणिक सत्र 2021-22 में शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य एवं विद्यावारिधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु दिनांक 14.08.2021 को आयोजित ऑफलाईन माध्यम द्वारा लिखित प्रवेश-परीक्षा- 2021 का विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या ४.८: शैक्षणिक सत्र २०२१-२२ में विद्यावारिधि (पीएच.डी.) पाठ्यक्रम में पंजीकरण हेतु विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित लिखित प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण**

सत्यापित
VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

अभ्यर्थियों तथा जे.आर.एफ. अभ्यर्थियों को प्रवेश देने के संबंध में नीति निर्धारण करने हेतु गठित समिति की बैठक का कार्यवृत्त विद्यापरिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत ।

शैक्षणिक सत्र 2021-22 में विद्यावारिधि (पीएच.डी.) पाठ्यक्रम में पंजीकरण हेतु विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित लिखित प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों तथा जे.आर.एफ. अभ्यर्थियों को प्रवेश देने के संबंध में नीति निर्धारण करने हेतु गठित समिति की दिनांक 2.8.2021 को ऑनलाइन / ऑफलाइन माध्यम से बैठक आयोजित की गई । समिति द्वारा विद्यावारिधि पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पारित संस्तुतियों का कार्यवृत्त विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या ४.९: विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रेषित (उच्चतर शिक्षा में एकेडमिक क्रेडिट बैंक की स्थापना और संचालन) विनियम २०२१ को विश्वविद्यालय में क्रियान्वित करने के संबंध में विचारार्थ प्रस्तुत।**

विद्या परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रेषित (उच्चतर शिक्षा में एकेडमिक क्रेडिट बैंक की स्थापना और संचालन) विनियम 2021 में प्रदत्त प्रावधानों पर विचार-विमर्श के उपरान्त सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में एकेडमिक क्रेडिट बैंक की स्थापना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी किये गये विनियमन के आधार पर की जानी अनिवार्य है। परीक्षा विभाग द्वारा डाटा उपलब्ध करवाकर उसका डिजी लॉकर के (NAAD) माध्यम से संचालन करने की स्वीकृति प्रदान की गई। उपरोक्त विनियम को विश्वविद्यालय में क्रियान्वयन करने हेतु निम्नलिखित विशेष समिति का गठन किया जाता है:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो. बिहारी लाल शर्मा | - | अध्यक्ष (निदेशक आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ) |
| 2. | प्रो. भागीरथि नन्द | - | सदस्य (पीठ प्रमुख, शैक्षणिक) |
| 3. | प्रो. रमेश प्रसाद पाठक | - | सदस्य (शिक्षाशास्त्र विभाग) |
| 4. | प्रो. राम नाथ झा | - | बाह्य सदस्य (जे.एन.यू.) |
| 5. | डॉ. एन.पी. सिंह | - | सदस्य (विशेष कार्याधिकारी, परीक्षा) |
| 6. | श्री बनवारी लाल वर्मा | - | सदस्य (सिस्टम, एडमिनिस्ट्रेटर) |
| 7. | श्री सुच्चा सिंह | - | संयोजक (सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक) |

उपरोक्त समिति की बैठक परीक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जाएगी।

**संकल्प संख्या ४.१०: पीठ प्रमुखों, विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों की दिनांक १९.५.२०२१, १६.८.२०२१ को आयोजित बैठकों में लिये निर्णयों का कार्यवृत्त विद्या परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत ।**

कोविड-19 महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण शैक्षणिक तथा अन्य गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु समय-समय पर संकाय प्रमुखों एवं अन्य अधिकारियों की बैठकें ऑनलाईन/ऑफलाईन माध्यम से आयोजित की गई। बैठकों में लिये गये निर्णयों की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गयी ।

**संकल्प संख्या ४.११: वास्तुशास्त्र विभाग के अन्तर्गत शास्त्री एवं आचार्य परीक्षा तथा वेदवेदांग पीठम् में आचार्य परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्रा को स्वर्ण पदक प्रदान करने हेतु प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी, कुलपति, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव विद्या परिषद् के विचारार्थ प्रस्तुत ।**

सत्यापित
VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

कुलपति महोदय द्वारा विद्या परिषद् के सदस्यों को अवगत करवाया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा सामान्यत: सभी पाठ्यक्रमों में सर्वोत्कृष्ट छात्रों को पदक प्रदान कर पुरस्कृत किया जाता है। प्रो. देवीप्रसाद त्रिपाठी, कुलपति, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया है कि विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में प्राय: सभी विषयों में शास्त्री एवं आचार्य परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्रा को स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है, परन्तु वास्तुशास्त्र विषय में अभी तक शास्त्री एवं आचार्य परीक्षा में तथा वेद-वेदांग संकाय में आचार्य परीक्षा में स्वर्ण पदक प्रदान नहीं किये जाते है। इस संदर्भ में वह अपने गुरुजनों स्व. पं. भगतराम थपलियाल जी, पं. इन्दुप्रकाश उपाध्याय जी एवं प्रो. रामचन्द्र पाण्डेय जी के नाम से वास्तुशास्त्र पाठ्यक्रम में क्रमश: शास्त्री एवं आचार्य परीक्षा तथा वेद-वेदांग संकाय में आचार्य परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्रा को स्वर्ण पदक प्रदान करना चाहते है। एतदर्थ अपेक्षित धनराशि प्रदान करने हेतु सज्ज है।

विद्या परिषद् द्वारा यह निर्णय लिया गया कि उपर्युक्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी, कुलपति, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय को आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाने के लिए निर्धारित प्रक्रिया अनुसार एक पत्र प्रेषित किया जाए।

**<u>संकल्प संख्या ४.१२</u>: प्रो. कुसुम यदुलाल के नाम पर बी.एड. (प्रथम वर्ष) में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली अनुसूचित जाति की छात्रा को पुरस्कार दिये जाने के संबंध में प्राप्त प्रस्ताव विद्यापरिषद् के विचारार्थ प्रस्तुत।**

विद्या परिषद् द्वारा प्रो. यदुलाल द्वारा स्व. प्रो. कुसुम यदुलाल के नाम पर बी.एड. (प्रथम वर्ष) में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली अनुसूचित जाति की छात्रा को पुरस्कार दिये जाने से संबंधित प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई तथा विश्वविद्यालय को आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाने के लिए निर्धारित प्रक्रिया अनुसार प्रो. यदुलाल को एक पत्र प्रेषित किया जाए।

**<u>संकल्प संख्या ४.१३</u>: कोविड़-१९ महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों की समीक्षा एवं अनुकूल होने के कारण अन्य विश्वविद्यालयों की भाँति इस विश्वविद्यालय को अध्यापकों एवं छात्रों हेतु खोलने पर विद्या परिषद् के विचारार्थ।**

कोविड़-19 के संक्रमण से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण भारत सरकार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं दिल्ली सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों तथा वर्तमान में प्रतिकूल परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विद्या परिषद् द्वारा विचार-विमर्श के उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि अन्य विश्वविद्यालयों के भाँति प्रथम चरण में अंतिम वर्ष योग- शास्त्री / बी.ए., आचार्य / एम.ए. के छात्रों तथा शोध छात्रों के लिए विश्वविद्यालय को दिनांक 15.11.2021 से खोला जाए। विश्वविद्यालय में उपस्थित होने वाले संबंधित छात्रों को पूर्ण रूप से टीकाकरण करवाना तथा कोविड़-19 महामारी से बचाव हेतु समस्त दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

**<u>संकल्प संख्या ४.१४</u>: परीक्षा विभाग द्वारा आयोजित परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम विद्या परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

शैक्षणिक सत्र 2020-21 में नियमित एवं अंशकालीन पाठ्यक्रमों में पंजीकृत छात्रों की परीक्षाएं शास्त्री, बी.ए. योग, आचार्य, एम.ए. योग, शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य एवं विद्यावारिधि संप्रति परीक्षाएं (प्रथम, तृतीय एवं पंचम

सत्यापित
VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

सैमेस्टर की सत्रीय एवं पुनः परीक्षा) ऑनलाइन (वाट्सऐप) के माध्यम से करवाई गई तथा परीक्षा मण्डल द्वारा लिये गये निर्णयों के अनुसार परीक्षा परिणाम घोषित करने की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**<u>संकल्प संख्या ४.१५</u>: पौरोहित्य विभाग के अन्तर्गत संचालित पौरोहित्य नियमित एवं अंशकालीन पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों को जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्रों में पौरोहित्य के साथ-साथ कोष्ठक में कर्मकाण्ड शब्द का उल्लेख करने हेतु विभागाध्यक्ष द्वारा प्रेषित प्रस्ताव विद्या परिषद् के विचरार्थ।**

विभागाध्यक्ष, पौरोहित्य विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार पौरोहित्य विभाग द्वारा नियमित एवं अंशकालीन पौरोहित्य शास्त्री/आचार्य एवं डिप्लोमा आदि पाठ्यक्रमों का अध्ययन अध्यापन किया जाता है तथा अन्य संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा इस पाठ्यक्रम में पंजीकृत छात्रों को जारी किए जाने वाले अंक पत्र एवं प्रमाणपत्रों में कर्मकाण्ड शब्द का भी प्रयोग किया जाता है। विद्या परिषद् द्वारा विचार-विमर्श के उपरान्त छात्रहित तथा छात्रों के भविष्य की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि पौरोहित्य विभाग में पंजीकृत नियमित एवं अंशकालीन पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों को जारी किए जाने वाले प्रमाणपत्रों में पौरोहित्य शब्द के साथ-साथ कोष्ठक में (**कर्मकाण्ड**) शब्द का उल्लेख भी किया जाए ताकि छात्रों को उच्च शिक्षा तथा रोजगार हेतु आवेदन करने में किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो।

**अध्यक्ष महोदय की अनुमति से विचारार्थ प्रस्तुत अन्य विषय।**

**<u>संकल्प संख्या ४.१६ (१)</u>: अतिरिक्त महानिदेशक, एन.सी.सी (दिल्ली) द्वारा प्रेषित पत्र संख्या 43703/DO/ADG Sectt दिनांक १५ जुलाई २०२१ के अन्तर्गत एन.सी.सी को उच्च शिक्षा में वैकल्पिक विषय के रूप में सम्मिलित करने हेतु विद्या परिषद् के विचारार्थ।**

महानिदेशक, एन.सी.सी (दिल्ली) द्वारा प्रेषित दिशानिर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में दिये गए प्रावधानों की पूर्ति हेतु विश्वविद्यालय में शास्त्री / बी.ए. कक्षा के छात्रों हेतु एन.सी.सी. विषय को वैकल्पिक विषय के रूप में शैक्षणिक सत्र 2021-22 से लागू करने की स्वीकृति प्रदान की गई। इस सम्बन्ध में विद्या परिषद् द्वारा यह निर्णय लिया गया कि शिक्षा मंत्रालय / विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से नये विषयों के अध्यापन हेतु अध्यापकों के आवश्यकतानुसार पदों के सृजन के लिये पत्र प्रेषित किया जाय। परन्तु वर्तमान समय की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रो. मीनू कश्यप तथा डॉ. अभिषेक तिवारी एवं बाह्य संबंधित विशेषज्ञ की सहायता से इस विषय की कक्षाओं का संचालन तथा अध्यापन कार्य प्रारम्भ किया जा सकता है।

**<u>संकल्प संख्या ४.१६ (२)</u>: दिनांक २४.०९.२०२१ को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की आयोजित तृतीय बैठक में लिए गए निर्णयों का कार्यवृत्त विद्या परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

दिनांक 24.09.2021 को ऑनलाइन / ऑफलाइन माध्यम से आयोजित आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक में लिये गये निर्णयों के कार्यवृत्त की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई तथा बैठक में लिये गये निर्णयों पर आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न करने हेतु सम्बन्धित विभागों को कार्यवृत्त की प्रति प्रेषित की जाए।

सत्यापित
VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

**संकल्प संख्या ४.१६ (३): राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० में प्रदत्त अनुशंसाओं को विश्वविद्यालय में लागू करने के संबंध में शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रेषित पत्र विद्या परिषद् के विचारार्थ प्रस्तुत।**

उप सचिव, शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा प्रेषित पत्र संख्या एफ.न.20-3/2020-Skt.II दिनांक 8.9.2021 में निर्दिष्ट (कार्यों की सूची का हिन्दी अनुवाद एवं शिक्षा मंत्रालय से प्राप्त पत्र संलग्न) प्रेषित दिशा-निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में दिये गये प्रावधानों का पालन करते हुए एकल विषयक विश्वविद्यालय को बहुविषयक विश्वविद्यालय के रूप में विकसित किये जाने हेतु पारित अनुशंसाओं के पालन में श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में क्रियान्वयन करने हेतु की गई कार्यवाही की रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार को प्रेषित की जानी है। विद्या परिषद् द्वारा मंत्रालय से प्राप्त उक्त विषय से संबंधित प्रपत्र पर विचार-विमर्श करने के उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि पत्र के साथ संलग्न विवरण के अनुसार संस्कृत विश्वविद्यालय को एकल विश्वविद्यालय से बहुविषयक विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित करने हेतु विश्वविद्यालय के उद्देश्यों एवं स्वरूप को ध्यान में रखते हुए चिह्नित विषयों पर यथाशीघ्र उचित कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सूची में दिए गए पैरा संख्या से सम्बन्धित रिपोर्ट तैयार करने के लिए निम्नलिखित विशेष समितियों का गठन की स्वीकृति प्रदान की गई:-

| क्रम संख्या | विषय | समिति के सदस्य |
|---|---|---|
| 1 | **संस्थागत पुनर्गठन और समेकन**<br>(राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सूची में दिए गए पैरा संख्या 10.2, 10.8, 10.12, 10.14 से संबंधित विषयों हेतु) | 1. समस्त पीठप्रमुख<br>2. पीठ प्रमुख (शैक्षणिक)<br>3. निदेशक, आई.क्यू.ए.सी.<br>4. सहायक कुलसचिव (विकास) |
| 2 | **समग्र और बहु-विषयक शिक्षा की ओर**<br>(राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सूची में दिए गए पैरा संख्या11.6, 11.7 से संबंधित विषयों हेतु) | 1. समस्त पीठप्रमुख<br>2. समस्त विभागाध्यक्ष<br>3. निदेशक, आई.क्यू.ए.सी.<br>4. सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक) |
| 3 | **सीखने के लिए सर्वोत्तम वातावरण व छात्रों को सहयोग**<br>(राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सूची में दिए गए पैरा संख्या 12.2 से संबंधित विषयों हेतु) | 1. प्रो. भागीरथि नन्द, पीठ प्रमुख शैक्षणिक<br>2. प्रो. नीलम ठगेला, पीठ प्रमुख छात्र कल्याण<br>3. प्रो. प्रेम कुमार शर्मा, ज्योतिष विभाग<br>4. प्रो. बिहारी लाल शर्मा, निदेशक, आई.क्यू.ए.सी.<br>5. समस्त विभागाध्यक्ष<br>6. श्री जे.पी. सिंह, सहायक कुलसचिव(स.प्र.) |
| 4 | **प्रेरित, सक्रिय ओर सक्षम संकाय**<br>(राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सूची में दिए गए पैरा संख्या 13.2,13.3,13.4,13.5,13.6,13.7 से संबंधित विषयों हेतु) | 1. प्रो. भागीरथि नन्द, पीठ प्रमुख (शैक्षणिक)<br>2. प्रो. बिहारी लाल शर्मा, निदेशक, आई.क्यू.ए.सी.<br>3. प्रो. शिवशंकर मिश्र, विभागाध्यक्ष, शोध<br>4. प्रो. के. भरत भूषण, शिक्षाशास्त्र विभाग<br>5. डा. आदेश कुमार, विभागाध्यक्ष, आधुनिक ज्ञान विभाग<br>6. श्री रमाकान्त उपाध्याय, अधिशासी अभियन्ता |



सत्यापित
VERIFIED
कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

| | | |
|---|---|---|
| | | 7. श्री बी.एल. वर्मा, सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर<br>8. श्रीमती भारती त्रिपाठी, सहायक कुलसचिव (प्र-1) |
| 5 | **उच्चतर शिक्षा में समता और समावेश**<br>(राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सूची में दिए गए पैरा संख्या 14.4.1 से संबंधित विषयों हेतु) | 1. प्रो. जयकान्त सिंह शर्मा, पीठ प्रमुख, वेद-वेदांग पीठम्<br>2. प्रो. अमिता पाण्डेय भारद्वाज, शिक्षाशास्त्र विभाग<br>3. प्रो. कल्पना जैन, विभागाध्यक्ष प्राकृत भाषा<br>4. श्री आदित्य पंचोली, आधुनिक ज्ञान विभाग<br>5. श्रीमती सुषमा, सहायक कुलसचिव (लेखा) |
| 7 | **उच्चतर शिक्षा संस्थानों के लिए प्रभावी प्रशासन और नेतृत्व**<br>(राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सूची में दिए गए पैरा संख्या 19.5 से संबंधित विषयों हेतु) | 1. प्रो. भागीरथि नन्द, पीठ प्रमुख (शैक्षणिक)<br>2. प्रो. नीलम ठगेला, पीठ प्रमुख छात्र कल्याण<br>3. प्रो. बिहारी लाल शर्मा, निदेशक, आई.क्यू.ए.सी.<br>4. प्रो. रचना मोहन वर्मा, शिक्षाशास्त्र विभाग<br>5. श्री राजेश कुमार, सहायक कुलसचिव(विकास) |
| 8 | **भारतीय भाषाओं, कला और संस्कृति का संवर्धन**<br>(राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सूची में दिए गए पैरा संख्या 22.7, 22.10, 22.12, 22.15, 22.16 से संबंधित विषयों हेतु) | 1. प्रो. जयकान्त सिंह शर्मा, पीठ प्रमुख, वेद-वेदांग पीठम्<br>2. प्रो. सविता शर्मा, पीठ प्रमुख, आधुनिक विषय<br>1. प्रो. आर.पी. पाठक, शिक्षाशास्त्र विभाग<br>2. प्रो. नीलम ठगेला, पीठ प्रमुख छात्र कल्याण<br>3. प्रो. बिहारी लाल शर्मा, निदेशक, आई.क्यू.ए.सी.<br>6. डा. प्रेम सिंह सिकरवार, शिक्षाशास्त्र विभाग<br>7. डा. अभिषेक तिवारी, मानविकी विभाग<br>8. श्री सुच्चा सिंह, सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक) |

उपरोक्त विवरणानुसार शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रेषित दिशा-निर्देशों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सूची में दिए गए पैरा संख्या 10.2, 10.8, 10.12, 10.14, 11.6, 11.7, 12.2, 13.2, 13.3, 13.4, 13.5, 13.6, 13.7, 14.4.1, 19.5, 22.7, 22.10, 22.12, 22.15, 22.16 जिनका विवरण उपर्युक्त दिर्शाया गया है। विश्वविद्यालय के उद्देश्यों एवं स्वरूप को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक समिति द्वारा अपनी संस्तुति तथा समय-समय पर प्रगति रिपोर्ट प्रशासन विभाग में जमा करवानी होगी जिससे शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार उनका मूल्यांकन कर शिक्षा मंत्रालय को समय-समय पर रिपोर्ट प्रेषित की जा सके। समितियों के गठन हेतु आवश्यक सूचना प्रशासन-1 विभाग द्वारा जारी किया जाएगा तथा समितियों की बैठकों का आयोजन कर क्रियान्वयन रिपोर्ट प्राप्त कर शिक्षा मंत्रालय में प्रेषित की जाए।

**<u>संकल्प संख्या ४.१६ (४)</u>: भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को प्रेषित ई-मेल दिनांक २०.०९.२०२१ के अनुसार ऑनलाइन/दूरस्थ शिक्षा प्रणाली पाठ्यक्रमों को संचालित करने हेतु दो वर्ष (२०२१-२२ एवं २०२२-२३) की समय वृद्धि की स्वीकृति विद्या परिषद् के सूचनार्थ।**

महासचिव, भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा ई-मेल दिनांक 20.9.2021 एवं पत्र संख्या AIU/Meet/ATR/364G/2021 दिनांक 17 सितम्बर, 2021 प्रेषित प्रपत्र के अनुसार कोविड-19 महामारी से उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों को संज्ञान में लेते हुए उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा ऑनलाइन/दूरस्थ शिक्षा प्रणाली

सत्यापित
VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

द्वारा पाठ्यक्रमों को संचालित करने हेतु आगामी दो वर्ष (2021-22 एवं 2022-23) की समय वृद्धि हेतु लिए गए निर्णयों की विद्या परिषद् सराहना की गई।

**संकल्प संख्या ४.१६ (५): विभागाध्यक्ष, योग विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार योग विभाग के अन्तर्गत पीएच.डी. पाठ्यक्रम संचालित करने के संबंध में।**

अध्यक्ष योग विभाग द्वारा योग विभाग में विद्यावारिधि पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने हेतु दिये गये प्रस्ताव पर विद्या परिषद् द्वारा विस्तृत चर्चा के उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि योग विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विद्यावारिधि उपाधि नियम 2016 में दिये गये प्रावधानों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में प्रदत्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम की रूप-रेखा एवं अन्य अर्हताओं पर अपने विभाग से सम्बन्धित अध्ययनमण्डल की अनुशंसा प्राप्त कर विद्यापरिषद् की आगामी बैठक में प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। विद्या परिषद् की स्वीकृति के उपरान्त आगामी शैक्षणिक सत्र 2022-23 से योग विभाग के अन्तर्गत विद्यावारिधि पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया जाएगा।

**संकल्प संख्या ४.१६ (६): परीक्षा विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव।**

1. **परीक्षा परिणाम की पुष्टि।**

   शैक्षणिक सत्र 2020-21 में नियमित एवं अंशकालिन पाठ्यक्रमों में पंजीकृत छात्रों की सत्रीय परीक्षाएं शास्त्री, बी.ए.योग, आचार्य, एम.ए. योग सत्रीय एवं पुनः परीक्षाएं (द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ सैमेस्टर की सत्रीय एवं पुनः परीक्षा) ऑनलाइन (वाट्सऐप) के माध्यम से करवाई गई तथा परीक्षा परिणाम एवं परीक्षा मण्डल द्वारा लिये गये निर्णयों के अनुसार परिक्षा परिणाम घोषित करने की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

2. **शास्त्री, बी.ए.योग, आचार्य, एम.ए. योग, बी.एड्., एम.एड्, विशिष्टाचार्य (प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं षष्ठ सैमेस्टर तथा विद्यावारिधि (सत्रीय पाठ्यक्रम) में अनुत्तीर्ण / अनुपस्थित छात्रों की संबंधित पाठ्यक्रम की पुनः परीक्षा पर विचार।**

   परीक्षा विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार शास्त्री, बी.ए.योग, आचार्य, एम.ए. योग, बी.एड्., एम.एड्, विशिष्टाचार्य (प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं षष्ठ सैमेस्टर तथा विद्यावारिधि (सत्रीय पाठ्यक्रम) में पंजीकृत कुछ छात्रों की कोविड्-19 महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण सत्रीय परीक्षाओं में अनुपस्थित होने के कारण संबंधित कक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाए। छात्रों द्वारा परीक्षा आयोजन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किए है। विद्या परिषद् द्वारा परीक्षा विभाग के उपरोक्त प्रस्ताव पर गहन विचार-विमर्श के उपरान्त कोविड्-19 महामारी से उत्पन्न अनुकूल परिस्थितियों को संज्ञान में लेते हुए तथा छात्रहित को रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि उक्त पाठ्यक्रमों के छात्रों को संबंधित कक्षा / सैमेस्टर की परीक्षा यथाशीघ्र आयोजित की जाय। परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक छात्रों से आवेदन प्राप्त कर इस विशेष परीक्षा का आयोजन किया जाय। यह विशेष अवसर मात्र इसी वर्ष के लिए ही लागू होगा। तथा इसे उदाहरण के लिए प्रयोग नहीं किया जा सकेगा।

अन्त में धन्यवाद के साथ विद्या परिषद् की बैठक सम्पन्न हुई।

(डॉ. अलका राय)
कुलसचिव एवं सचिव

सत्यापित
VERIFIED

(प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय)
कुलपति एवं अध्यक्ष



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016